an>

Title: Need to enhance the rate of honorarium of 'Preraks' engaged under Sarva Siksha Abhiyan and also regularize their services.

श्री रामा किशोर सिंह (वैशाली) : साक्षरता अभियान के तहत देश में खासकर बिहार में कई वर्षों से प्रेरक अपनी सेवाएं प्रदान कर रहे हैं परंतु उन्हें कार्य में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। उक्त प्रेरकों ने सरकार के समक्ष अपनी सेवा नियमितीकरण और सेवा पुस्तिका का संधारण, मानदेय में वृद्धि, अनावर्ती व्यय की राशि पंचायत लोक शिक्षा केन्द्र को उपलब्ध कराने, पंचायत लोक शिक्षा केन्द्र का संयुक्त खाता संचालन शीघ्र खोलने, पंचायत के विकास कार्यों से पंचायत लोक शिक्षा केन्द्र को जोड़ने और प्रेरकों को बीमा योजना के अंतर्गत शामिल करने आदि की मांग की है परंतु इस संबंध में सरकार द्वारा अभी तक समुचित कदम नहीं उठाए गए हैं जबकि राज्य सरकार के द्वारा नियुक्त टोला सेवक एवं तालिमी मरकज की नियुक्ति प्रेरक की नियुक्ति के पश्चात होने के बावजूद उन लोगों की मानदेय राशि 3 हजार रूपये से बढ़ाकर 7 हजार रूपये कर दी गयी और आरंभ से अब तक प्रेरकों का मानदेय 2 हजार रूपये ही है।

अतः मेरा सरकार से अनुरोध है कि प्रेरकों की माँगों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार कर उनकी सेवा विसंगतियों को दूर कर तत्काल प्रभाव से मानदेय में बढोत्तरी करते हुए उनका सेवा नियमितीकरण किया जाए।